**प्रेस-विज्ञप्ति** 25.09.2017

आज दिनांक 25, सितम्बर, 2017 को अपरान्ह 03:00 बजे से मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश (एम.सी.यू.पी.), एसोचैम यू.पी. तथा आई.आई.टी. कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में स्किल डवलपमेंट एण्ड इंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय (MoSDE), एन्यूअल नेशनल इंटरप्रेन्योरशिप अवार्ड्स (N.E.A.) पर प्रमोशनल इवेंट (गोष्ठी) का आयोजन किया गया|

सत्र का प्रारम्भ करते हुए श्री पदम् कुमार जैन, अध्यक्ष, मर्चेंट चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, एसोचेम उत्तर प्रदेश तथा आई.आई.टी. कानपुर की ओर से उपस्थित समस्त सदस्यगणों तथा मीडिया कर्मियो का स्वागत किया तथा बातया कि आज की यह गोष्ठी नेशनल इंटरप्रेन्योरशिप अवार्ड्स (N.E.A.) के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए संचालित की गयी है| N.E.A., जो की भारत सरकार द्वारा लागू की गयी एक योजना है एवं जिसका उद्देश्य माननीय प्रधानमंत्री की स्टार्ट-अप इंडियन एवं मेक इंन इंडिया योजना को सफल मजबूत बनाना है| श्री जैन ने बताया कि स्किल डवलेपमेंट मंत्रालय देश भर के सभी कौशल विकास केन्द्रों में समन्वय के लिए, कुशल श्रम की मांग और आपूर्ति के बीच के गैप को हटाने के लिए, व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण ढांचे का निर्माण, कौशल उन्नयन, नए कौशल का निर्माण तथा एक नविन सोच न केवल मौजूदा नौकरियों के लिए वरन नई नौकरियों को उत्पन्न करने के लिए भी जिम्मेदार है|

आयोजित की जाने वाली गोष्टी में आई.आई.टी. कानपुर के विशेषज्ञ श्री विनोद कुमार उपरोक्तलिखित विषय पर पॉवर-पॉइंट प्रस्तुति देते हुए भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय उद्यमिता पुरस्कार -2017 को विस्तृत रूप से समझाया | श्री विनोद कुमार ने बताया की राष्ट्रीय उद्यमिता पुरस्कार-2017 का उद्देश्य तीस वर्ष से कम उम्र के उद्यमियों एवं उनके साथ सम्मिलित सभी एजेंसियों को प्रोत्साहित करना है | श्री विनोद कुमार ने इस पुरस्कार से सम्बंधित गतिविधियों, जागरूकता, शिछन पर जानकारी | श्री कुमार ने अतिरिकि जानकारी देते हुए यह बताया की प्रत्येक विजेता को 10 लाख (संस्था को) की प्राइज मनी एवं 5 लाख (इंटरप्राइस / इंडीविडूअल्स को), ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान किये जायेंगे इसकी विस्तृत जानकारी, एप्लीकेशन एवं नॉमिनेशन फॉर्म **www.neas.gov.in** पर उपलब्ध है| उक्त आवेदन के लिए अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2017 है| इस योजना में **contact-neas@nic.in** के माध्यम से ऑफ लाइन आवेदन भी कर सकते है, जिसके अंतर्गत उद्यमी को एप्लीकेशन फॉर्म डाउनलोड करना होगा और अपना नामांकन एवं मांगी गई डिटेल के साथ उपरोक्तलिखित ई-मेल आई.डी. पर मेल करना होगा|

एसोचैम-उत्तर प्रदेश के महासचिव श्री वीरेन्द्र नाथ गुप्ता ने भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय उद्यमिता पुरस्कार - 2017 कार्यक्रम को समय के बदलते स्वरूप एवं प्रतिस्पर्धा बाजार में आवश्यक समझते हुए आह्यवान किया है| श्री गुप्ता ने विश्वास दिलाया कि इस कार्यक्रम के प्रति अन्य मार्गों से जागरूकता उत्पन्न कर उद्योगों को वैश्विक बाजार तक लाने में सतत प्रयास किया जाएगा|

सत्र का संचालन श्री अजय श्रीवास्तव, एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, ASSOCHAM- उत्तर प्रदेश ने एवं धन्यवाद-प्रस्ताव मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ सदस्य एवं कौंसिल मेम्बर श्री बी.एम. गर्ग ने प्रस्तुत किया|

गोष्ठी में उपस्थित गणमान्य: उक्त गोष्ठी में एम.सी.यू.पी. के सदस्यगण, श्री महेंद्र मोदी, श्री ए.के. सिन्हा, सचिव-एम.सी.यू.पी., एसोचैम-यू..पी. व् आई.आई.टी. कानपुर के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे|

सधन्यवाद
मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश